5.3.25

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र संलग्न दस्तावेजों तथा भूमि धारी तहसीलदार गढ़ी द्वारा प्रस्तुत जवाब के आधार निर्णय प्रबन्ध से जारी किया गया। पत्रावली फैसल शुमार कर दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by SHARWAN SINGH RATHORE
Date: 2025.04.17 11:10.16 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिल ... सवाड़ा

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी (राज0)

पीठासीन अधिकारी: श्रवण सिंह राठौड़, आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या: 02/2025

<u>उनवान</u>

1. श्री अमरजी पिता डूँगर गायरी निवासी सामागड़ा तहसील गढ़ी जिला बांसवाडा।

—: प्रार्थी

बनाम

1. क्षेत्रिय वन अधिकारी, गढ़ी जिला बांसवाडा।
2. राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार गढ़ी जिला बांसवाडा।

—: अप्रार्थीगण

<u>प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956</u>

<u>निर्णय</u>

दिनांक 05.3.2025

प्रार्थी की और से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र का संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि खाता संख्या 6 (नयी) 55 (पुरानी) के खसरा संख्या 4152/1433 रकबा 0.96 हे. कुल किता 01 रकबा 0.96 हे. भूमि ग्राम ओड़ा पटवार हल्का लसाड़ा तहसील गढ़ी जिला बांसवाडा में स्थित है जिस पर प्रार्थी काबीज हो काश्त करता चला आ रहा है। प्रार्थी के खसरा संख्या 4152/1433 की तरमीम राजस्व लट्ठा नक्शे में दर्ज थी। सेग्रीकेशन के दौरान राजस्व अधिकारियों की त्रुटि के कारण ऑनलाईन नक्षे में तरमीम करते वक्त खसरा संख्या 4061/1433 रकबा 0.69 हे. भूमि जो कि वन विभाग के नाम दर्ज है की तरमीम कर दी गई। अतः खसरा संख्या 4152/1433 रकबा 0.96 हे. भूमि की तरमीम मूल नक्षा लट्ठा अनुरूप दुरस्त किये जाने हेतु प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 भू–राजस्व अधिनियम के तहत् पेश हुआ।

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण के सम्मन जारी किये गये। अप्रार्थीगण के नाम जारी सम्मन बाद तामिल प्राप्त हुए। अप्रार्थी संख्या 01 स्वयं उपस्थित हुए। अप्रार्थी संख्या 01 को जवाब हेतु समूचित अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त भी जवाब पेश नहीं किया गया।

अप्रार्थी संख्या 02 भूमिधारी तहसीलदार गढ़ी का जवाब पेश हुआ। तहसीलदार, गढ़ी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार ग्राम ओड़ा की खाता संख्या 06 खसरा संख्या 4152/1433 रकबा 0.96 हे. भूमि अमरजी पिता डूंगर गायरी के नाम खातेदारी दर्ज रिकार्ड है। खाता संख्या 577 खसरा संख्या 4061/1433 रकबा 0.69 हे. भूमि वन–विभाग के नाम दर्ज रिकार्ड है। खसरा संख्या 4152/1433 रकबा 0.96 हे. के उत्तर व पूर्व में खसरा नम्बर 4061/1433 रकबा 0.69 हे. को ऑनलाइन नक्शा में दर्शाया गया है जबकी मुल नक्शा लट्ठा में खसरा संख्या 4061/1433 रकबा 0.69

Signature Not Verified
Digitally signed by SHARWAN SINGH RATHORE
Date: 2025.04.17 11:10:16 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी जिला बांसवाड़ा

है. की तरमीम हो रखी है जो खसरा नम्बर 4152/1433 के पूर्व की ओर है। रिपोर्ट के साथ जमाबंदी, हाल ऑनलाईन नक्शा, ट्रेस नक्शा प्रस्तुत किये गये जो शामिल पत्रावली है।

पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों एवं तहसीलदार की रिपोर्ट का अवलोकन करने पर स्पष्ट होता है कि प्रार्थी की भूमि खसरा संख्या 4152/1433 रकबा 0.96 है. की राजस्व लठ्ठा नक्शा में तरमीम अंकित है तथा Online भू–नक्शा में भी उक्त खसरे की तरमीम अंकित है। दोनो तरमीमों में भिन्नता है। तथा प्रार्थी की खातेदारी भूमि के पास ही वन विभाग की भूमि खसरा नम्बर 4061/1433 स्थित, जिसकी राजस्व लठ्ठा नक्शा एवं भू–नक्शे में तरमीम अंकित है तथा दोनो में भिन्नता है। तहसीलदार, भू–अभिलेख निरीक्षक व पटवारी रिपोर्ट अनुसार खसरा नम्बर 4152/1433 के उत्तर–पूर्व में खसरा न. 4061/1433 को ऑनलाईन भू–नक्शा में दर्शाया गया है जबकि मूल नक्शा लठ्ठा में खसरा नम्बर 4061/1433 की तरमीम हो रखी है, जो खसरा नम्बर 4152/1433 के पूर्व की ओर है, जो सही है। तथा मौके पर खातेदार काबिज है। अतः लठ्ठा नक्शा पर अंकित खसरा नम्बर 4152/1433 की तरमीम अनुसार भू–नक्शे में तरमीम दुरस्ती की अनुमति दी जाती है।

निर्णय आज दिनांक 05.3.2025 को जारी किया गया।

(श्रवण सिंह राठौड़)
उपखण्ड अधिकारी,
गढ़ी
उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बांसवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by SHARWAN SINGH RATHORE
Date: 2025.04.17 11:10:16 IST
Reason: SelfAttested